Regarding proceedings of the House

संसदीय कार्य मंत्री**;** तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री **(**श्री किरेन रिजिजू**) :** सर, यह बजट का समय है । (व्यवधान) मेरा अनुरोध है कि आज बजट पर चर्चा कीजिए । (व्यवधान) मैंने कल भी कांग्रेस के सदस्यों से हाथ जोड़कर कहा था कि बजट पर डिस्कशन शुरू हो चुका है । (व्यवधान) नाम भी पुकारा गया था । (व्यवधान) शशि थरूर जी का नाम पुकारा जा चुका था । वे अपनी बजट स्पीच शुरू करें । (व्यवधान) अलग-अलग पार्टी के मैम्बर्स अपना-अपना नाम दे चुके हैं । (व्यवधान) उसके बाद समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस और डीएमके के नेता भी बोलने के लिए तैयार हैं । (व्यवधान) कांग्रेस ही अपनी बात शुरू नहीं कर रही है । (व्यवधान)

ये लोग हर दिन वेल में आकर हंगामा करते हैं । ये पार्लियामेंट नहीं चलने देते हैं । इससे सबका नुकसान हो रहा है । (व्यवधान) मैं आपसे फिर से अपील करना चाहता हूँ । वैसे आप लोग इस सदन की गरिमा को बहुत गिरा चुके हैं । (व्यवधान) सदन की गरिमा को और ज्यादा गिराने की कोई आवश्यकता नहीं है । (व्यवधान)

सभापति महोदय, अब सीधे-सीधे बजट पर चर्चा शुरू होनी चाहिए । (व्यवधान)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please go back to your seats.

(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, please go back to your seats. Let the discussion on the Union Budget start.

(*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON: The House stands adjourned to meet again at 2 p.m.

(*Interruptions*)